# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE


Hindustan Times ------------------------------DATED------------------------

# DDA finalises plans to spruce up Dwarka

**Snehil Sinha**
snehil.sinha@hindustantimes.com



The present state of footpaths near Yashobhoomi. VIPIN KUMAR/HT

**NEW DELHI:** The Delhi Development Authority (DDA) has finalised a plan for the landscaping and beautification of Dwarka, along the lines of the sprucing up of central Delhi and the Lutyens's Zone carried out in the run-up to the G20 Summit in September, officials aware of the project said on Wednesday.

As part of the project, the officials said, the footpath along an 8km stretch between the Palam flyover and Yashobhoomi convention centre will be revamped, and the planting of trees and installation of fountains and statues will be undertaken.

The officials said that tenders for the project will be floated within the next 15 days, and are expected to be awarded by the end of December.

In October, Delhi lieutenant governor (LG) VK Saxena had visited Dwarka and the Yashobhoomi convention centre and asked officials to take up beautification and road improvement in the area. He had also asked the private project developer, DDA, Municipal Corporation of Delhi (MCD) and Public Works Department (PWD) to coordinate and develop the area surrounding Yashobhoomi on the lines of Bharat Mandapam at Pragati Maidan.

"As of now, apart from the landscaping work, we are also installing a fountain at the intersection of sectors 1 and 7, and we are installing statues at five rotaries in different sectors. Along the 8-km stretch, after descending from the Palam flyover to Yashobhoomi, we plan to install statues of Nandi. A discussion regarding this is still going on," said a DDA official, declining to be named.

He also said that electric poles across most of Dwarka will also be replaced, though that project will take a longer time to implement.

Residents hailed the move. Urban planner Prerna Mehta, a resident of Dwarka Sector 7, said, "If had to point out infrastructural issues in Dwarka, lack of adequate and working streetlights and lack of walkable footpaths would top the list. While there is Metro connectivity for most of the Dwarka sectors and last mile connectivity options are also good, the walking infrastructure is miserable. The footpaths either don't exist or are broken. This is not just a commute problem but also a safety concern, which should have been addressed long back."

In September, the transport department announced that it will deploy a total of 3,000 e-bikes and e-cycles across 250 locations in the sub-city around transit hubs like Metro stations and bus stops to serve as sustainable last-mile connectivity options.

The Dwarka sub-city in southwest Delhi, conceptualised in the 1980s, has an estimated population of 1 million, comprising mostly middle- and upper-middle income groups.


। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 30 नवंबर 2023 5



# अब नरेला में भी क्रिकेट स्टेडियम बनाने की है तैयारी, ज़मीन फाइनल

**50 एकड़** जमीन की डीडीए ने पहचान की

**2036** ओलिंपिक गेम्स को देखते हुए एलजी ने भी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए कहा



डीडीए को फुटबॉल, हॉकी और बाकी गेम्स के लिए ढांचा विकसित करने को कहा गया है

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

दिल्ली के नरेला में इंटरनैशनल क्रिकेट स्टेडियम समेत 5 स्टार होटल और विश्व स्तर की स्वास्थ्य सुविधा तैयार करने के लिए डीडीए ने 50 एकड़ जमीन की पहचान की है। यह जमीन यूईआर 2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड) के पास है।

इसके अलावा, एलजी वीके सक्सेना ने डीडीए से ओलिंपिक गेम्स से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने को कहा है। दिल्ली ओलिंपिक्स 2036 की मेजबानी का दावा कर सके, इस हिसाब से एलजी ने डीडीए को फुटबॉल, हॉकी और बाकी ओलिंपिक गेम्स के बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए आसपास के क्षेत्र में जमीन की पहचान करने का निर्देश दिया है। वीके सक्सेना ने क्रिकेट स्टेडियम परिसर के लिए जल्द से जल्द प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) जारी करने के प्रस्ताव को भी इस शर्त के साथ मंजूरी दे दी है कि इसे दो साल के भीतर पूरा किया जाएगा। पहले से अलग, अब डीडीए ऐसे प्रोजेक्ट के लिए जमीन की बिक्री करेगा तो जमीन की लागत के आधार पर प्रोजक्ट मे एक इक्विटी भागीदार होगा। नरेला में यूनिवर्सिटी कैंपस के विकास के लिए जमीन देकर इस इलाके को एक एजुकेशन सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए भी एलजी ने फैसला लिया है। इसके अलावा यहां कोर्ट, जेल परिसर बनाने का प्लान है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 30 नवंबर 2023

ई-ऑक्शन में शामिल होने के लिए 29 दिसंबर तक जमा करवानी होगी ईएमडी

# DDA के लग्ज़री फ्लैट्स के रजिस्ट्रेशन आज से

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

डीडीए की पहली प्रीमियम हाउसिंग स्कीम में हिस्सा लेने के लिए आज सुबह 11 बजे से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस स्कीम में द्वारका सेक्टर-19 बी में बने पेंटहाउस, सुपर एचआईजी, एचआईजी के अलावा द्वारका सेक्टर-14 और लोकनायकपुरम में बने एमआईजी फ्लैट्स भी शामिल हैं।

इन फ्लैट्स के लिए डीडीए पहली बार ई-ऑक्शन कर रहा है। ई-ऑक्शन की यह प्रक्रिया पांच जनवरी 2024 से शुरू होगी। ई-ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन के बाद लोगों को ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट) 29 दिसंबर तक जमा करवानी होगी। आमतौर पर डीडीए पॉकिट में मेंटिनेंस के नाम पर झगड़ा रहता है। इसलिए इस प्रीमियम स्कीम में डीडीए ने डेली मेंटिनेंस और बड़ी मेंटिनेंस के लिए अलग-अलग फंड की व्यवस्था भी की है। डेली मेंटिनेंस का फंड हर फ्लैट ओनर को मंथली बेसिस पर चुकाना होगा। फ्लैट ओनर को आरडब्ल्यूए का सदस्य अनिवार्य रूप से बनना होगा। पहले एक साल के लिए यह फंड एडवांस में डीडीए फ्लैट की कीमतों के साथ ही ले लेगा। यह चार्ज फ्लैट के रिजर्व प्राइज में शामिल नहीं किए गए हैं।

## ऐसे होगी कॉमन सर्विस की मेंटिनेंस

सभी अलॉटी के लिए यह जरूरी होगा कि वह रजिस्टर्ड एजेंसी/असोसिएशन ऑफ अपार्टमेंट ओनर के सदस्य बनें। यह एजेंसी कॉमन पोर्शन और कॉमन सर्विस की मेंटिनेंस के मकसद से बनाई जाएगी। एक पॉकेट में एक ही आरडब्ल्यूए रजिस्टर्ड होगी। ऐसी सुविधाएं जो एक से अधिक आरडब्ल्यूए के लिए कॉमन हैं, जैसे कम्युनिटी सेंटर, जिम आदि की डीडीए खुद मेंटिनेंस करेगा। दो तरह के फंड रहेंगे।

## अपफ्रंट पेमेंट

यह फंड फ्लैट की कीमत के साथ ही लिया जाएगा। यह फंड कंसर्न हाउसिंग पॉकिट की सहमति से बड़े मेंटिनेंस वर्क मे इस्तेमाल किया जाएगा। आरडब्ल्यूए के बनने के बाद डीडीए इस फंड को उसे हैंडओवर कर देगा।

### कितना होगा अपफ्रंट पेमेंट

| फ्लैट टाइप | कुल पेमेंट |
|---|---|
| एमआईजी | 1,77,000 |
| एचआईजी | 2,95,000 |
| सुपर एचआईजी | 3,54,000 |
| पेंटहाउस | 4,13,000 |

*(जीएसटी समेत)

## मंथली मेंटिनेंस चार्ज

डीडीए ने लग्जरी फ्लैट्स के मंथली मेंटिनेंस चार्ज भी तय किए है। यह चार्ज फ्लैट के प्रति स्क्वॉयर फिट के हिसाब से तय किए है। इसमे 18% जीएसटी अलग से होगा। यह मंथली चार्ज भी अपफ्रंट पेमेंट के तौर पर एक साल के लिए ले लिया जाएगा। यदि आरडब्ल्यूए एक साल तक नही बन पाती तो इस चार्ज को अगले साल के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। ग्रीन एरिया, कैंपस की सफाई, कॉमन एरिया मे लाइटिंग, लिफ्ट का ऑपरेशन और मेंटिनेंस, कॉमन एरिया का बिजली बिल आदि RWA की जिम्मेदारी होगी।

### हर महीने देने होंगे इतने रुपये

| | |
|---|---|
| एमआईजी | 2 रुपये |
| एचआईजी | 2.50 रुपये |
| सुपर एचआईजी | 3.00 रुपये |
| पेंटहाउस | 3.00 रुपये |

(कीमतें प्रति स्क्वॉयर फीट के हिसाब से होंगी)





**5 जनवरी 2024** से ई-ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू होगी, मेंटिनेंस के लिए फंड भी फ्लैट अलॉटियों से कीमत के साथ लिया जाएगा

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE


दैनिक जागरण नई दिल्ली, 30 नवंबर, 2023

# दिल्ली को मिलेगा एक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम



- उपराज्यपाल ने दी हरी झंडी, नरेला में जगह चिह्नित की गई, एक पांच सितारा होटल भी बनेगा
- ओलंपिक की मेजबानी के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने का भी दिया निर्देश

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: राजधानी में एक और अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाया जाएगा। इसका निर्माण नरेला उप नगरी में होगा। यहां एक पांच सितारा होटल भी बनाया जाएगा। इस फैसले से राजधानी में बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलने के साथ ही उत्तर एवं उत्तर पश्चिमी दिल्ली में नरेला क्षेत्र के परिदृश्य को नया आयाम भी मिलेगा।

इस परियोजना का संचालन कर रहे उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने क्रिकेट स्टेडियम परिसर के लिए जल्द से जल्द आवेदन (आरएफपी) जारी करने के प्रस्ताव को भी इस शर्त के साथ मंजूरी दी कि इसे दो साल के अंदर पूरा किया जाएगा। पुरानी व्यवस्था से हटकर डीडीए जमीन की लागत के आधार पर परियोजना में इक्विटी साझेदारी रखेगा। ऐसा करने से डीडीए को इससे होने वाली आय में हिस्सा सुनिश्चित होगा। अब स्टेडियम निर्माण के फैसले के बाद उप नगरी का विकास उसी तरह हो सकेगा, जिस प्रकार पूर्वी दिल्ली का विकास 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान हुआ था। इसके साथ ही डीडीए की ओर से संबंधित एजेंसियों को जेल परिसर, अदालत परिसर और माल ढुलाई परिसर के लिए भी भूमि आवंटित की गई है।

उपराज्यपाल ने ओलंपिक-2036 की मेजबानी के लिए दिल्ली के दावों को मजबूत करने के उद्देश्य से डीडीए को फुटबाल, हाकी और अन्य ओलंपिक खेलों के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए भूमि की पहचान करने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि नरेला में डीडीए ने विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा के विकास के लिए भी प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। इसके लिए यूईआर-2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड) के पास 50 एकड़ भूमि की पहचान की गई है। संबंधित » पेज 4

THE INDIAN EXPRESS, THURSDAY, NOVEMBER 30, 2023

# 5-star hotel to cricket stadium — all at Narela

**UPASIKA SINGHAL**
NEW DELHI, NOVEMBER 29

AN INTERNATIONAL cricket stadium, a five-star hotel, and a world-class medical facility — the landscape of Narela in Northwest Delhi is set to be transformed with the Delhi Development Authority (DDA) identifying 50 acres of land near the Urban Extension Road II for the development of these facilities.

Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena, who is steering the project, has instructed the DDA to identify additional land parcels in the vicinity for the development of sporting infrastructure related to football, hockey, and other Olympic sports. This move aligns with the vision of strengthening Delhi's bid to host the Olympics in 2036.

In a departure from past practices, officials said the DDA, under Saxena's approval, will not merely sell land, but will be an equity partner in the project, contributing the cost of the land as its share.

This approach, emphasised by Saxena, ensures both stakeholding and recurring income for the DDA.


Additionally, officials said the L-G has greenlit a proposal to initiate Requests for Proposals (RFPs) for the cricket stadium complex promptly, with a stipulation for completion within two years.

The L-G also aims to transform Narela into an educational hub, as evidenced by a previous decision to allocate land for university campuses, officials said.

# हरियाणा से सटे नरेला में भविष्य की संभावनाएं तलाश रहा डीडीए

संजीव गुप्ता • नई दिल्ली

- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम से उत्तरी और पश्चिमी दिल्ली ही नहीं, सोनीपत तक होगा लाभान्वित
- इस क्षेत्र में कोई पांच सितारा होटल नहीं, विकास की रूपरेखा उप नगरी की स्वीकार्यता को भी देगी रफ्तार



भविष्य में नरेला उपनगरी को मिलेगी नई पहचान • सौजन्य : इंटरनेट मीडिया

नरेला उपनगरी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और पांच सितारा होटल बनाने की योजना से निश्चित तौर पर हरियाणा से सटे इस क्षेत्र का समावेश दिल्ली के प्रमुख इलाकों में करेगी। मध्य दिल्ली को छोड़ दें तो राजधानी में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम कहीं नहीं है। इसी तरह रोहिणी के अलावा बाहरी दिल्ली में और बार्डर पार कर सोनीपत तक कोई पांच सितारा होटल भी नहीं है। ऐसे में निश्चित तौर पर यह निर्णय दिल्ली-हरियाणा के लामपुर/सिंघु बार्डर पर बसे नरेला को भविष्य में एक नई पहचान दिलाएगा।

अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली में अब कहीं जगह नहीं बची है। हर जगह भीड़भाड़ वाला माहौल है। ऐसे में नरेला और आसपास वाले इलाकों में ही विकास की संभावनाएं हैं। लिहाजा, डीडीए भी नरेला में ही भविष्य की संभावनाएं तलाश रहे हैं। दूसरी तरफ एलजी ने बेहतर कनेक्टिविटी, नागरिक बुनियादी ढांचे और नई परियोजनाओं पर भी विशेष ध्यान देने को कहा है। नरेला की पहचान अभी तक नए उद्योगों के लिए थी, जिन्हें दिल्ली के कुछ क्षेत्रों से स्थानांतरित किया गया था।

**द्वारका की तर्ज पर विकसित होगा उपनगर:** नरेला में लगभग 9866 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है, जिसमें से परियोजना क्षेत्र 3828 हेक्टेयर है। लैंड पूलिंग क्षेत्र 3537 हेक्टेयर है और 2501 हेक्टेयर को ग्रीन बेल्ट के रूप में परिभाषित किया गया है। जिन संस्थानों को पहले ही भूमि आवंटित की जा चुकी है उनमें एनआइटी (20.8 हेक्टेयर), इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय (20 हेक्टेयर) और राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान (4.04 हेक्टेयर) शामिल हैं। प्रस्तावित योजना के तहत गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय को 8.08 हेक्टेयर और डीईटीयू को 4.04 हेक्टेयर आवंटित होना है।

### बेहतर होगी कनेक्टिविटी

नरेला में परिवहन सुविधा को बेहतर बनाने के लिए फेज-4 में रिठाला, बवाना, नरेला कारिडोर पर सड़क, रेल व हवाई अड्डे और मेट्रो कनेक्टिविटी के विकास की भी योजना है।

> एलजी के साथ बैठक में लिए गए निर्णयों पर जल्द ही अमल शुरू हो जाएगा। रिक्वेस्ट फार प्रपोजल भी अगले कुछ दिनों में आमंत्रित कर लिए जाएंगे।
> –सुभाशीष पांडा, उपाध्यक्ष, डीडीए

### 40 हेक्टेयर क्षेत्र में बनेगा मल्टीमाडल लाजिस्टिक्स पार्क

नरेला में करीब 40 हेक्टेयर क्षेत्र में मल्टीमाडल लाजिस्टिक्स पार्क बनाने की योजना है। इसके अलावा कारपोरेट पार्क, शापिंग माल सहित अन्य बड़े वाणिज्यिक केंद्र भी बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। 7.28 हेक्टेयर में क्लब और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, 16 हेक्टेयर में जिला जेल, टिकरी खुर्द के पास जिला न्यायालय के लिए चार हेक्टेयर, जिला पार्क अर्थात सेक्टर ए-7 में स्मृति वन के लिए 15.8 हेक्टेयर, औद्योगिक क्षेत्र में तीन डीएसआइआइडीसी के लिए नरेला में 247 हेक्टेयर और बवाना 221 हेक्टेयर और भोरगढ़ में 172 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है। 69 हेक्टेयर में सुरक्षित सिक्योर्ड लैंडफिल फेसेलिटी साइट के अलावा 14.6 हेक्टेयर में अनाज मंडी और 8.5 हेक्टेयर में ईको पार्क विकसित करने की भी योजनाएं चल रही हैं।

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- नई दिल्ली, 30 नवंबर, 2023 दैनिक जागरण DATED-


# डीडीए की प्रीमियम आवासीय योजना के लिए पंजीकरण आज से शुरू

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: डीडीए की प्रीमियम आवासीय योजना के लिए बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे से पंजीकरण शुरू हो जाएगा। इसमें शामिल दो हजार से अधिक फ्लैटों को ई-नीलामी के जरिये बेचा जाएगा। योजना में द्वारका सेक्टर-19 बी के बने डीडीए कांप्लेक्स में 14 पेंटहाउस, 170 सुपर एचआइजी और 946 एचआइजी फ्लैट शामिल हैं। इसके अलावा इसी योजना में द्वारका सेक्टर-14 में बने 316 एमआइजी और लोकनायक पुरम में बने 647 एमआइजी फ्लैट्स भी शामिल हैं। फ्लैटों के लिए पहली बार होने जा रही इस नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने के लिए लोगों को ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपाजिट) के तहत 10 लाख से 25 लाख रुपये भी जमा करवाने होंगे।

डीडीए के मुताबिक आनलाइन पंजीकरण और ईएमडी जमा करने की प्रक्रिया 29 दिसंबर को शाम छह बजे तक जारी रहेगी। पांच जनवरी 2024 से आनलाइन ई-ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। फ्लैट के हिसाब से इसका शेड्यूल बाद में जारी किया जाएगा। 18 साल से बड़ा कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है। पंजीकरण करवाने के लिए 2500 रुपये चुकाने होंगे। इसके बाद ई-नीलामी में हिस्सा लेने के लिए आवेदक को अपने फ्लैट के अनुरूप आनलाइन ही ईएमडी जमा करवानी होगी। यह ईएमडी फ्लैट की कीमत में शामिल हो जाएगी। असफल बोलीदाताओं को 30 दिन में ईएमडी वापस कर दी जाएगी। बोली लगाने के लिए पेंटहाउस के लिए कीमतें दो लाख के मल्टीप्लीकेशन में, सुपर एचआइजी के लिए डेढ़ लाख, एचआईजी के लिए एक लाख और एमआइजी के लिए 50 हजार के मल्टीप्लीकेशन में मान्य होंगी। डिमांड कम अलाटमेंट लेटर जारी होने के 60 दिनों के अंदर आवेदन को फ्लैट की कीमत देनी होगी। इसके बाद 30 दिन का अतिरिक्त पीरियड आवेदक को मिल सकता है, लेकिन इसमें आवंटी को 10 प्रतिशत ब्याज चुकाना होगा। लोग साइटों पर जाकर सैंपल फ्लैट देख सकते हैं। यहां सुबह 10 बजे से शाम छह बजे डीडीए के अधिकारी मौजूद रहेंगे। यह उन्हें फ्लैट के बारे में पूरी जानकारी देंगे।

### कितने फ्लैट होंगे

| एरिया | फ्लैट | एरिया | रिजर्व प्राइस |
|---|---|---|---|
| द्वारका -19बी पेंटहाउस | 14 | 424.767 वर्ग मीटर | 501 लाख रुपये |
| द्वारका19बी सुपर एचआइजी | 170 | 211.657 वर्ग मीटर | 250 लाख रुपये |
| द्वारका19बी एचआइजी | 946 | 171.5 से 186.09 वर्ग मीटर | 202 से 219 लाख रुपये |
| द्वारका14बी एमआइजी | 316 | 116.27 से 132.35 वर्ग मीटर | 125 से 142.47 लाख रुपये |
| लोकनायकपुरम एमआइजी | 647 | 134.259 से 140.455 वर्ग मीटर | 115 से 120 लाख रुपये |



### ई-नीलामी में हिस्सा लेने के लिए कितनी ईएमडी जमा करवानी होगी

| | |
|---|---|
| एमआइजी (2बीएचके) | 10,00,000 रुपये |
| एचआइजी (3बीएचके) | 15,00,000 रुपये |
| सुपर एचआइजी (4बीएचके) | 20,00,000 रुपये |
| पेंटहाउस (5बीएचके) | 25,00,000 रुपये |

**ई-नीलामी में बिकेंगे पेंटहाउस, सुपर एचआइजी, एचआइजी, एमआइजी फ्लैट, ईएमडी 29 दिसंबर तक करा सकते हैं जमा**

---

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 30, 2023

# DDA to bowl Delhi over with 50-acre sports facility

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** In the next few years, Delhiites may get to watch more cricket matches played in the capital at a new and modern sports facility.

Delhi Development Authority (DDA) has identified a 50-acre plot in northwest Delhi's Narela, which is expected to be the largest sub-city in the capital, for constructing a new cricket stadium along with a five star hotel and a super-specialty health facility.

According to officials, lieutenant governor VK Saxena, who is also the chairman of the authority, gave his nod to DDA to float a request for proposal to identify a consultant to help setting up the stadium and directed the officials to complete the groundwork within two years.

Saxena has also directed DDA to further identify land parcels in the vicinity to develop sporting infrastructure related to football, hockey and other Olympic sports, with the view to strengthen Delhi's claims for hosting the Olympics-2036.

Arun Jaitley Stadium, previously known as Feroz Shah Kotla Stadium, near Delhi Gate is the only international-level cricketing facility in the capital. The land identified for the new stadium is close to the Urban Extension Road-II to provide it with better connectivity.

In a departure from the past practice when DDA would sell land to sports federations for such projects, the authority this time will be a partner in the project by offering the land parcel as its contribution to the whole enterprise. This, Saxena underlined, will also ensure recurring income to the authority.

With the construction of sports facilities, the sub-city is set for an unprecedented boom similar to the one witnessed in east Delhi during the Commonwealth Games 2010.

Being developed in an area of 9866 hectares, Narela sub-city is coming up on the lines of Dwarka, Rohini and Sarita Vihar. However, while the other three have seen massive development in the last few years and have seamlessly integrated with the city, Narela continues to be a township where nobody wants to go and live.

Officials, however, said a push is being given now to develop the area and the LG has been conducting regular meetings with the agencies concerned to fast-track the projects.

The LG had last month directed DDA to develop Narela as an education hub by giving land for building university campuses in the area.

"Various health institutions have already started functioning from Narela and land parcels to set up a prison complex, a court complex and a freight complex have already been allotted by DDA to the agencies concerned," said an official.

**TIMES VIEW:** It is good to have another modern cricket stadium in the capital. Having options never hurts. The stadium in Kotla is located in the heart of the city. This will be on the outskirts. However, developing sporting infrastructure to push for Delhi's 2036 Olympic claims seems too ambitious, considering the current realities. The city is rich in sporting infrastructure and has hosted two Asian Games (1951 and 1982) and the 2010 Commonwealth Games. But it is also among the most polluted cities in the world. To make a serious bid, the city's air quality must improve. Beijing faced similar challenges but took drastic measures to tackle the problem in the years before the 2008 Games.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 30 नवंबर 2023

# RERA ने वापस ले लिए आदेश, फिर भी लागू रहेंगे मास्टर प्लान के नियम: एक्सपर्ट

## RERA के आदेश वापस लेने से बिल्डिंग बनाने और रजिस्ट्री पर क्या पड़ेगा फर्क?

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

प्लॉट पर बिल्डिंगों की संख्या तय करने के रेरा के सितंबर के निर्देश मास्टर प्लान-2021 का हिस्सा हैं। ऐसे में अगर रेरा ने अपने आदेशों को वापस ले भी लिया है तो यह नियम अब भी लागू रहेंगे। ऐसे में लोगों के मन में सवाल यह है कि रेरा के आदेशों को वापस लेने से फर्क क्या पड़ेगा?

**प्लॉट पर फ्लैट की तय संख्या मास्टर प्लान-2021 का है हिस्सा, ये नियम अब भी हैं लागू**

एक्सपर्ट के अनुसार, रेरा ने यह आदेश 11 सितंबर को जारी किए थे। इसमें सुप्रीम कोर्ट के 2008 के आदेश का पालन करने को कहा गया था। लेकिन इसके साथ ही यह नियम भी जोड़ दिया था कि 15 सितंबर के बाद जो भी बिल्डिंग प्लान सैंक्शन किया जाएगा, उसमें प्लॉट पर बन रहे फ्लैट्स की कुल संख्या के साथ हर फ्लैट का एक नंबर होगा। यह बिल्डिंग प्लान का ही हिस्सा होगा। फ्लैट के नंबर डीयू-1/10, डीयू-2/10 आदि में दिए जाने की बात थी। इसमें 1 नंबर फ्लैट का नंबर और दस नंबर जमीन पर बनने वाले कुल फ्लैट। इसी फ्लैट नंबर के आधार पर सेल डीड और एग्रीमेंट और सेल बनाने को कहा गया था। साथ ही, यह भी कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार ही हर प्लॉट पर फ्लैट की संख्या हो। इससे अधिक फ्लैट जमीन पर न बन पाए।

डीडीए के पूर्व प्लानिंग कमिश्नर ए के जैन के अनुसार, कितनी जमीन पर कितने फ्लैट बन सकते हैं, यह नियम अब भी लागू है। लेकिन रेरा के आदेश वापस लेने से हर फ्लैट को बिल्डिंग प्लान में संख्या देना, इस संख्या के आधार पर सेल डीड बनाने के नियम खत्म हो गए हैं। ऐसे में पुराने तरीकों पर ही बिल्डिंग प्लान अप्रूव हो सकेंगे। मास्टर प्लान के इन नियमों के तोड़ लोगों और बिल्डरों ने निकाले हुए हैं। जब प्लान अप्रूवल होता है तो उसमें किचन को शामिल नहीं किया जाता। इससे फ्लैट की संख्या कम हो जाती है। बिल्डिंग बेचने के समय उसमें मॉडिफिकेशन कर फ्लैट बेच दिए जाते हैं।

File Photo



### 'नियमों का पालन हो तभी सुधरेंगे हालात'

पर्यावरण प्रफेसर पंकज कुमार के अनुसार, राजधानी में पॉपुलेशन डेंसिटी काफी अधिक है। अब इसे रोकने की जरूरत है। जरूरी है कि आगे मास्टर प्लान-2021 के नियमों का पालन हो। पानी की किल्लत हर साल बढ़ रही है। सीवर व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। 50 एमएम बारिश के बाद हालात जलजमाव के हो जाते हैं। बिजली की डिमांड बढ़ती जा रही है। स्थितियां इससे अधिक खराब न हों, इसलिए इस दिशा में पहल किए जाने की जरूरत है। वहीं, रेरा के आदेश वापस लेने के बाद अब बुधवार से ही सब रजिस्ट्रार ऑफिस में लगे रेरा के आदेशों को हटा लिया गया है। लोगों को बताया जा रहा है कि वह रजिस्ट्री करवा सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, बुधवार को रजिस्ट्री के लिए लोगों की संख्या कम रही। लेकिन अब उम्मीद है कि आज से काफी संख्या में लोग आएंगे और काम सुचारू होगा।

हिन्दुस्तान

# नरेला में पांच सितारा होटल और स्टेडियम बनेगा

**बदलती दिल्ली**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। नरेला सब सिटी में पांच सितारा होटल, क्रिकेट स्टेडियम और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के लिए उपलब्ध होंगी। इनके लिए उपराज्यपाल के आदेश पर डीडीए ने आवश्यक जमीन को चिह्नित कर लिया गया है। यहां पर इनका निर्माण करने को लेकर जल्द ही योजना तैयार की जाएगी। यह जमीन यूईआर-2 के समीप मौजूद है।

माना जा रहा है कि इनके बनने से नरेला इलाके में आधारभूत संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) में काफी विकास होगा। राजनिवास सूत्रों ने बताया कि नरेला सब सिटी को बेहतर ढंग से बसाने के लिए उपराज्यपाल की ओर से लगातार महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। डीडीए अधिकारियों के साथ मिलकर वह नरेला में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं।

डीडीए की ओर से नरेला में विश्वविद्यालय कैंपस, अदालत, जेल आदि के लिए पहले ही जमीन आवंटित की जा चुकी है। उपराज्यपाल ने डीडीए अधिकारियों को यहां पर विश्वसरीय स्वास्थ्य सेवाएं, क्रिकेट स्टेडियम और पांच सितारा होटल उपलब्ध कराने के लिए भूमि चिह्नित करने के निर्देश दिए थे। इस आदेश का पालन करते हुए डीडीए ने यूईआर-2 के समीप 50 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली है।

**परियोजना आय का स्रोत बनेगी :** उपराज्यपाल ने नरेला में क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए प्रस्ताव मंगवाने को भी मंजूरी दे दी है। डीडीए की ओर से पहले ऐसी परियोजनाओं के लिए जमीन बेची जाती थी, लेकिन इस बार परियोजना में जमीन की कीमत के आधार पर डीडीए हिस्सेदार बनेगा। इससे न केवल डीडीए को हिस्सेदारी मिलेगी, बल्कि उसके लिए यह परियोजना आय का स्रोत भी बनेगी।

### एलजी ने जगह चिह्नित करने के निर्देश दिए

उपराज्यपाल ने डीडीए को स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए यहां पर खेल संबंधित विकास कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नरेला में फुटबॉल, हॉकी और ओलंपिक खेलों के लिए जगह चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस जगह को खेलों के लिए ऐसे तैयार किया जाए कि 2036 के ओलंपिक खेल कराने का दावा भारत कर सके। राजनिवास सूत्रों ने बताया कि नरेला में होने वाले विकास से इस उप-शहर में एक अभूतपूर्व उछाल देखने को मिलेगा। यह उछाल उसी तरह को होगा जो वर्ष 2010 में आयोजित हुए राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान पूर्वी दिल्ली में देखने को मिला था।

### डीडीए के फ्लैटों का पंजीकरण आज से शुरू

डीडीए के दो हजार से अधिक लग्जरी फ्लैटों का आज सुबह 11 बजे से डीडीए की वेबसाइट पर पंजीकरण शुरू होगा। द्वारका सेक्टर-बी में पेंटाहाउस, द्वारका सेक्टर-19बी में सुपर एचआईजी उपलब्ध हैं। कॉल सेंटर के नंबर 1800110332 पर बुकिंग के लिए कॉल कर सकते हैं।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS Hindustan Times -DATED- 30/11/2023

# Land identified for a new cricket stadium in Narela

Sanjeev K Jha

sanjeev.jha@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Delhi Development Authority (DDA) has identified 50 acres of land in the Narela sub-city in northwest Delhi, along Urban Extension Road (UER)-II, where it will develop an international cricket stadium, along with a five-star hotel and a world-class medical facility, officials aware of the development said.

Chairing a meeting on Narela, lieutenant governor (LG) VK Saxena — the ex-officio chairman of DDA —on Wednesday directed the authority to further identify land parcels in the vicinity of the 50-acre plot to develop sporting infrastructure related to Olympic sports such as football and hockey. The decision, officials said, has been made to strengthen Delhi's claims to host the 2036 Olympic Games and promote infrastructure development in the area.

A senior official in the LG secretariat said Saxena has approved a proposal to float a request for proposal (RFP) for the cricket stadium at the earliest, with a condition that the complex be completed within two years.

OFFICIALS SAID THE MOVE WILL STRENGTHEN DELHI'S CLAIMS TO HOST THE 2036 OLYMPIC GAMES AND PROMOTE INFRA IN THE AREA

"Unlike the earlier practice, when DDA used to sell land for such projects, it will now be an equity partner in the project — the cost of land that will be DDA's contribution to the whole enterprise. The LG also noted that the project will ensure recurring income to DDA," the official said, declining to be named.

The official said the projects are also with an eye to make Narela a popular residential area — DDA has built several flats in the locality, but residents have so far shied away from purchasing property in this part of town. "The infrastructure will also generate employment and help increase footfall in the area," he said.

A second DDA officer said that the decision to develop sports infrastructure in Narela came a month after the LG on October 9 gave his approval to provide DDA land for the development of university campuses in the area, to make it an education hub. "With the recent approvals from the LG, the Narela sub-city is set for an unprecedented boom like the national capital witnessed in East Delhi during the Commonwealth Games 2010. Various health institutions have already started functioning from the Narela area and land for a prison complex, court complex and freight complex have also been allotted by DDA to the agencies concerned," he said, also asking not to be named.

The second official said that Saxena directed DDA to allot land for the educational cluster close to its existing housing inventory so that they can provide hostels and other accommodation facilities for students, faculty and staff.

It may be noted that plans are also afoot to develop a grain market, an eco-park for e-waste management, and a secured land fill facility (SLF) site in Narela.

Saxena has also asked officials to develop road, rail and airport connectivity in Narela, as well as expedite Metro connectivity to the area.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
THURSDAY, NOVEMBER 30, 2023

# DDA Premium Housing

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY · दिल्ली विकास प्राधिकरण
Where Development Values Nature




**Penthouses, Super HIG, HIG Dwarka Sector-19 B**
**MIG Dwarka Sector-14**
**MIG Loknayakpuram**

**1800110332**
**www.dda.gov.in**

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
Ministry of Housing and Urban Affairs, Govt. of India

Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023. Follow us on: @ddaofficial official_dda official_dda_ Official_dda

- All New Freehold Flats
- Multi-storeyed Equipped with lifts
- STP, Park, Water Drainage Playground
- No restriction for those who own house/plot in Delhi
- Apply online through www.dda.gov.in
- Allotment through auction
- Designated parking free with each flat

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 30 नवंबर, 2023

# डीडीए प्रीमियम हाउसिंग

Where Development Values Nature



पंजीकरण
**आज**
से आरंभ

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**पेंटहाउस, सुपर एचआईजी, एचआईजी द्वारका सेक्टर-19 बी**
**एमआईजी द्वारका सेक्टर-14**
**एमआईजी लोकनायकपुरम**

**1800110332**
**www.dda.gov.in**

**दिल्ली विकास प्राधिकरण**
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली 110023. हमें फॉलो करें: @ddaofficial official_dda official_dda_ Official_dda

- सभी नए, फ्रीहोल्ड फ्लैट
- बहुमंजिला, लिफ्टों से सुसज्जित
- एसटीपी, पार्क, जल निकासी, खेल का मैदान
- दिल्ली में घर/प्लॉट रखने वालों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं
- ऑनलाइन आवेदन करें www.dda.gov.in के माध्यम से
- आवंटन नीलामी के माध्यम से
- प्रत्येक फ्लैट के साथ निःशुल्क पार्किंग

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

बृहस्पतिवार • 30 नवम्बर • 2023 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

### 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी को लेकर काम शुरू

# क्रिकेट स्टेडियम के लिए DDA जारी करे आरएफपी : एलजी

■ बुनियादी खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए जमीन चिह्नित करने के निर्देश

■ अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, होटल एवं विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा के लिए मिलेगी 50 एकड़ जमीन

■ विश्वविद्यालय, न्यायालय एवं जेल परिसर बनने से सब-सिटी के विकास की रफ्तार होगी तेज

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली। ओलंपिक -2036 में दिल्ली की मेजबानी की दावेदारी को मजबूत करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने डीडीए के अधिकारियों को फुटबॉल, हॉकी एवं अन्य ओलंपिक खेलों के लिए बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए जमीन चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में डीडीए के अधिकारियों ने बताया कि नरेला सब सिटी में एक अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, पांच सितारा होटल एवं विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा के लिए यूईआर-2 में 50 एकड़ जमीन देख ली गई है। यह जानकारी राजनिवास ने जारी बयान में दी है। खासबात यह है कि इन परियोजनाओं को उप-राज्यपाल देख रहे हैं।

राजनिवास के अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर, न्यायालय परिसर, जेल परिसर आदि के लिए पहले ही भूमि चिह्नित कर आवंटित करने का निर्णय हो चुका है। इससे नरेला सब-सिटी के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। उप-राज्यपाल का मानना है कि बुनियादी खेल सुविधाएं मजबूत होने से वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में भारत की मेजबानी की दावेदारी मजबूत होगी। इसीलिए अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जल्द इन परियोजनाओं के लिए जमीन चिह्नित कर आवंटित करें। अधिकारी ने बताया कि उप-राज्यपाल ने क्रिकेट स्टेडियम तैयार करने के लिए जल्द रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी करने को कहा है, लेकिन इसमें शर्त होगी कि दो साल में स्टेडियम बनकर तैयार होना है। उन्होंने बताया कि पुरानी व्यवस्था से हटकर डीडीए जमीन की लागत के आधार पर परियोजना में इक्विटी साझेदारी रखेगा और इसमें डीडीए का पूरा योगदान होगा।

उन्होंने बताया कि इन नई व्यवस्था में डीडीए की आमदनी में साझेदारी सुनिश्चित होगी। नरेला में शैक्षणिक केंद्र स्थापित करने के निर्णय के बाद विश्वविद्यालय परिसरों को विकसित करने के लिए जमीन मुहैया कराई जा रही है। उम्मीद है कि वर्ष 2010 में हुए राष्ट्रमंडल खेलों के तर्ज पर नरेला सब सिटी तेजी से विकसित होगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों ने नरेला में पहले से ही काम शुरू कर दिया है। डीडीए ने जेल परिसर, अदालत परिसर और माल ढुलाई परिसर के लिए जमीन आवंटित कर दी है।

amarujala.com | नई दिल्ली | बृहस्पतिवार, 30 नवंबर 2023 | 8

# नरेला में विकसित की जाएंगी कई अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं

## क्रिकेट स्टेडियम, पांच सितारा होटल और अस्पताल बनेंगे, उपराज्यपाल के निर्देश पर योजनाओं के लिए डीडीए ने भूमि की पहचान की

**फुटबॉल, हॉकी और अन्य ओलंपिक खेलों से संबंधित बुनियादी ढांचा विकसित करने का भी आदेश**

नई दिल्ली। उपराज्यपाल व डीडीए के अध्यक्ष वीके सक्सेना ने नरेला सब-सिटी की ओर लोगों को आकर्षित करने और ओलंपिक-2036 की मेजबानी के लिए दिल्ली के दावों को मजबूत करने के उद्देश्य से उसमें इंटरनेशनल सिटी जैसी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

इस कड़ी में वह यहां पर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, फाइव स्टार होटल और इंटरनेशनल लेवल का अस्पताल बनवाएंगे। उनके निर्देश पर इन योजनाओं के लिए डीडीए ने भूमि की पहचान कर ली है।

उपराज्यपाल ने डीडीए को नरेला सब सिटी में फुटबॉल, हॉकी और अन्य ओलंपिक खेलों से संबंधित बुनियादी ढांचा विकसित करने का भी आदेश दिया है। उन्होंने इन योजना के लिए डीडीए को क्षेत्र में जमीन की पहचान करने का फरमान दिया है। उन्होंने क्रिकेट स्टेडियम परिसर को दो साल में तैयार करने की शर्त के साथ प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। स्टेडियम के निर्माण के फैसले के बाद नरेला सब-सिटी का विकास उसी तरह से हो सकेगा, जिस प्रकार पूर्वी दिल्ली का विकास 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान हुआ था। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में विश्वविद्यालय परिसर, न्यायालय और जेल भी बनाई जाएगी। उनका मानना है कि यह सभी योजनाएं पूरी होने पर नरेला का अभूतपूर्व विकास हो जाएगा।

नरेला को शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित करने के उपराज्यपाल के निर्णय के बाद इस क्षेत्र में विश्वविद्यालय परिसरों को विकसित करने के लिए भूमि मुहैया करवाई जा रही है।

वहीं नरेला क्षेत्र में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों ने पहले ही काम करना शुरू कर दिया है और डीडीए ने संबंधित एजेंसियों को जेल परिसर, अदालत परिसर और माल ढुलाई परिसर के लिए भूमि भी आवंटित कर दी है। डीडीए ने वर्षों पहले नरेला क्षेत्र को रोहिणी व द्वारका की तरह विकसित करने के लिए यहां पर बड़े स्तर पर विभिन्न श्रेणे के फ्लैट बनाए थे, लेकिन इलाके में सुविधाओं के अभाव के कारण लोगों ने यहां पर फ्लैट लेने में रुचि नहीं ली। उन्होंने फ्लैट आवंटित होने के बाद वापस लौटा दिए।

यहां पर करीब 50 हजार फ्लैट बने हुए हैं। इस इलाके को मेट्रो से जोड़ने के साथ-साथ यहां पर अंतरराज्यीय बस अड्डा भी बनाने की योजना है। ब्यूरो

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

the pioneer
NAME OF NEWSPAPER I THRUSDAY I NOVEMBER 30, 2023 DATED-----------------------

# Narela to get cricket stadium

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

In a major decision that will give a decisive push to infrastructure development in the Capital and to strengthen New Delhi's claim for hosting the Olympic 2036, the Delhi Development Authority (DDA) has identified 50 acres of land near the Urban Extension Road-II for development of an international cricket stadium along with a five-star hotel and a world-class medical facility in Narela, north-west Delhi. Currently, Feroz Shah Kotla stadium (now called Arun Jaitley stadium) is the only stadium in Delhi that is used to host international cricket matches.

At the meeting with DDA officials, Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena has also directed the authority to further identify land parcels in the vicinity to develop sporting infrastructure related to football, hockey and other Olympic sports, with the view to strengthen Delhi's claims for hosting the Olympics-2036.

Raj Niwas official said Lt Governor Saxena has also approved the proposal to float Request for Proposals (RFQ) for the cricket stadium complex at the earliest with the condition for the same to be completed within two years.



"In a departure from the past practice, when DDA would sale land for such projects, it will now be an equity partner in the project on the basis of the cost of land that will be DDA's contribution to the whole enterprise. This, Lieutenant Governor has underlined, would apart from ensuring stake, also ensure recurring income to the DDA," official said.

"Coming after the decision taken by the LG with regards to developing Narela as an education hub by giving land for development of university campuses in the area, the Narela sub-city is set for an unprecedented boom similar to that the city witnessed in East Delhi during the Commonwealth Games 2010," official added.

Narela is already home to many relocated and new industries and has recently got a court complex, police station, hospital, jail complex and enhanced bus connectivity. The entire sub-city comprises about 9,866 hectares (ha) of which the project area is of 3,828 ha, land pooling area amounts to 3,537 ha and 2,501 ha come under the green belt. Institutions to which land has already been allotted include NIT (20.8 ha), Indira Gandhi Delhi Technical University for Women (20 ha) and National Institute of Homeopathy (4.04 ha). Under the proposed plan, Guru Gobind Singh Indraprastha University is to be allotted 8.08 ha and Delhi Teachers University 4.04 ha.

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-- पंजाब केसरी DELHI --DATED-- 30 नवम्बर, 2023


ई-नीलामी में बिकेंगे पेंट हाउस, सुपर एचआईजी, एचआईजी, एमआईजी फ्लैट

# डीडीए प्रीमियम आवासीय योजना पंजीकरण आज से

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की प्रीमियम आवासीय योजना के लिए बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे से पंजीकरण शुरू हो जाएगा। इसमें शामिल दो हजार से अधिक फ्लैटों को ई-नीलामी के जरिये बेचा जाएगा। योजना में द्वारका सेक्टर-19 बी के बने डीडीए कांप्लेक्स में 14 पेंटहाउस, 170 सुपर एचआईजी और 946 एचआईजी फ्लैट शामिल हैं। इसके अलावा इसी योजना में द्वारका सेक्टर-14 में बने 316 एमआईजी और लोकनायक पुरम में बने 647 एमआईजी फ्लैट्स भी शामिल हैं। फ्लैटों के लिए पहली बार होने जा रही इस नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने के लिए लोगों को ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपाजिट) के तहत 10 लाख से 25 लाख रुपये भी जमा करवाने होंगे। डीडीए के मुताबिक आनलाइन पंजीकरण और ईएमडी जमा करने की प्रक्रिया 29 दिसंबर को शाम छह बजे तक जारी रहेगी। पांच जनवरी 2024 से ऑनलाइन ई-ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। फ्लैट के हिसाब से इसका शेड्यूल बाद में जारी किया जाएगा।



डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि 18 साल से बड़ा कोई भी व्यक्ति इन योजना में आवेदन कर सकता है। पंजीकरण करवाने के लिए 2500 रुपये चुकाने होंगे। इसके बाद ई-नीलामी में हिस्सा लेने के लिए आवेदक को अपने फ्लैट के अनुरूप आनलाइन ही ईएमडी जमा करवानी होगी। यह ईएमडी फ्लैट की कीमत में शामिल हो जाएगी। असफल बोलीदाताओं को 30 दिन में ईएमडी वापस कर दी जाएगी। बोली लगाने के लिए पेंटाहाउस के लिए कीमतें दो लाख के मल्टीप्लीकेशन में, सुपर एचआइजी के लिए डेढ़ लाख, एचआईजी के लिए एक लाख और एमआइजी के लिए 50 हजार के मल्टीप्लीकेशन में मान्य होंगी। डिमांड कम अलाटमेंट लैटर जारी होने के 60 दिनों के अंदर आवेदन को फ्लैट की कीमत देनी होगी। इसके बाद 30 दिन का अतिरिक्त पीरियड आवेदक को मिल सकता है। लेकिन इसमें आवंटी को 10 प्रतिशत ब्याज चुकाना होगा। लोग साइटों पर जाकर सैंपल फ्लैट देख सकते हैं। यहां सुबह 10 बजे से शाम छह बजे डीडीए के अधिकारी मौजूद रहेंगे। यह उन्हें फ्लैट के बारे में पूरी जानकारी देंगे।

# नरेला सब-सिटी में मिलेंगी विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : नरेला सब-सिटी में जल्द ही विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा स्थापित की जाएंगी। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा के विकास के लिए, अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर) दो के पास 50 एकड़ भूमि की पहचान की है। इसके साथ ही क्षेत्र में एक और अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम भी बनाया जाएगा और एक पांच सितारा होटल का भी निर्माण किया जाएगा। यह फैसला राजधानी में बुनियादी ढांचे के विकास को निर्णायक गति देगा तो उत्तर और उत्तर-पश्चिम दिल्ली में नरेला क्षेत्र के परिदृश्य को नया आयाम भी देगा। बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वी के सक्सेना, जो इस परियोजना का संचालन कर रहे हैं, उन्होंने ओलंपिक-2036 की मेजबानी के लिए दिल्ली के दावों को मजबूत करने के उद्देश्य से डीडीए को फुटबाल, हाकी और अन्य ओलंपिक खेलों के लिए खेल का बुनियादी ढांचा विकसित करने को आसपास के क्षेत्र में भूमि की पहचान करने के भी निर्देश दिए हैं। सक्सेना ने क्रिकेट स्टेडियम परिसर के लिए जल्द से जल्द आवेदन (आरएफपी) जारी करने के प्रस्ताव को भी इस शर्त के साथ मंजूरी दे दी



है कि इसे दो साल के अंदर पूरा किया जाएगा। पुरानी व्यवस्था से हटकर डीडीए जमीन की लागत के आधार पर परियोजना में इक्विटी साझेदारी रखेगा जो इस पूरे उद्यम में डीडीए का योगदान होगा। उन्होंने रेखांकित किया कि ऐसा करने से डीडीए को इससे होने वाली आय में साझेदारी सुनिश्चित रहेगी। नरेला को शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित करने के उपराज्यपाल के निर्णय के बाद इस क्षेत्र में विश्वविद्यालय परिसरों को विकसित करने के लिए भूमि मुहैया करवाई जा रही है। अब स्टेडियम निर्माण के फैसले के बाद उपनगरी का विकास उसी तरह हो सकेगा जिस प्रकार पूर्वी दिल्ली का विकास 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान हुआ था। डीडीए द्वारा संबंधित एजेंसियों को जेल परिसर, अदालत परिसर और माल ढुलाई परिसर के लिए भूमि भी आवंटित की गई है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

millenniumpost
NAME OF NEWSPAPERS– THURSDAY, 30 NOVEMBER, 2023 | NEW DELHI

# DDA identifies land for cricket stadium, five-star hotel in Narela

**OUR CORRESPONDENT**

NEW DELHI: The Delhi Development Authority (DDA) has identified 50 acres of land in Narela for developing an international cricket stadium along with a five-star hotel and a world-class medical facility, Raj Niwas officials said on Wednesday.

Lieutenant Governor V K Saxena has asked the DDA to also identify land in the area for facilities for football, hockey and other Olympic sports, they said.

> 'Saxena, who has been steering the project, has also directed DDA to further identify land parcels in the vicinity to develop sporting infrastructure related to football, hockey and other Olympic sports, with the view to strengthen Delhi's claims for hosting the Olympics 2036'

In a major decision that will give a decisive push to infrastructure development here and change the landscape of Narela, DDA has identified 50 acres of land near the Urban Extension Road Project (UER-II) for the development of an international cricket stadium along with a five-star hotel and a world-class medical facility, the officials said.

'Saxena, who has been steering the project, has also directed DDA to further identify land parcels in the vicinity to develop sporting infrastructure related to football, hockey and other Olympic sports, with the view to strengthen Delhi's claims for hosting the Olympics 2036,' an official said.

The lieutenant governor has also approved the proposal to float a request for proposal for the cricket stadium complex at the earliest with the condition for it to be completed within two years.

In a departure from the past practice, when DDA would sale land for such projects, it will now be an equity partner in the project on the basis of the cost of land that will be DDA's contribution to the whole enterprise. This, Saxena has underlined, would apart from ensuring stake, also ensure recurring income to the DDA, the officials stated.

Coming after the decision taken by the L-G Saxena with regards to developing Narela as an education hub by giving land for development of university campuses in the area, the Narela sub-city is set for an unprecedented boom similar to that the city witnessed in east Delhi during the Commonwealth Games 2010, they said.

It may be noted that various health institutions have already started functioning in the Narela area and plots for a prison complex, court complex and freight complex have also been allotted by DDA to the agencies concerned, they added.

THE HINDU
City
Thursday, November 30, 2023
DELHI

# L-G gives go-ahead for cricket stadium, hotel in Narela

**The Hindu Bureau**
NEW DELHI

The Delhi Development Authority (DDA) has identified 50 acres in Narela for the development of an international cricket stadium, a five-star hotel, and a world-class medical facility, Raj Niwas said in a statement on Wednesday.

Lieutenant-Governor Vinai Kumar Saxena had directed the DDA to identify parcels of land in the sub-city located in north Delhi for the development of sporting infrastructure for football, hockey, and other Olympic games in order to strengthen Delhi's claims for hosting the Olympics in 2036, said a Raj Niwas official.

The L-G, who has been pushing for rapid development in the area, has also approved a plan to float requests for proposals to build the cricket stadium complex on the condition that it be developed within two years.

**DDA as equity partner**

In a departure from the usual practice of the DDA selling land for such projects, this project will place the urban body as an equity partner in the enterprise based on the valuation of its land.

This, the L-G underlined, would, apart from ensuring stake, also ensure recurring income to the authority, the officials added.



V.K. Saxena has been pushing for rapid development in the Narela sub-city. FILE PHOTO

"The Narela sub-city is set for an unprecedented boom similar to the one the city witnessed in east Delhi during the Commonwealth Games in 2010. Various health institutions have already started functioning in Narela, and the land for a courts complex, prison complex, and freight complex has also been allotted to the agencies concerned," the Raj Niwas statement said.

**Previous attempts**

In October this year, the L-G had asked the DDA to convert Narela into an educational hub and expedite all infrastructure projects in the area.

He directed officials to provide land parcels to universities and other academic institutions looking to set up campuses in the area.

An official said the L-G has "personally taken charge of improving connectivity and civic infrastructure in the sub-city."

**50,000 flats on offer**

The DDA has an inventory of nearly 50,000 flats in Narela, most of which have been lying unsold for years. In a bid to attract homebuyers, the government agency is trying to improve connectivity with the rest of the Capital through DTC buses and a proposed expansion of a Delhi Metro line.

The DDA has also taken steps to boost the education and healthcare facilities in the area.

Narela sub-city is spread across 9,866 hectares, including 2,501 hectares of a defined green belt.